भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

04.03.2020 के

अतारांकित प्रश्न सं. 2243 का उत्तर

आदर्श स्टेशन योजना

2243. श्रीमती सुमलता अम्बरीशः
श्री नलीन कुमार कटीलः
श्री डी. के. सुरेशः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वर्षों तथा चालू वर्ष के दौरान कर्नाटक में आदर्श स्टेशन योजना के अंतर्गत विकास के लिए पहचान किए गए रेलवे स्टेशनों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या आदर्श स्टेशन योजना के अंतर्गत चयनित सभी रेलवे स्टेशनों का उन्नयन/आधुनिकीकरण किया गया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) से (ग): आदर्श स्टेशन योजना वर्ष 2009-10 से शुरू की गई है। कर्नाटक राज्य में इस योजना के तहत विकास के लिए 44 स्टेशनों की पहचान की गई थी, जिनमें से अब तक 42 स्टेशन विकसित किए जा चुके हैं और शेष स्टेशनों को 2020-21 तक विकसित करने का लक्ष्य है। बहरहाल, पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान कर्नाटक राज्य में आदर्श स्टेशन योजना के तहत विकास के लिए किसी स्टेशन की पहचान नहीं की गई है।

ग्रेडोन्नयन/आधुनिकीकरण निरंतर चलने वाली सतत प्रक्रिया है जो आवश्यकता, यात्री यातायात की मात्रा और परस्पर प्राथमिकता पर निर्भर करती है बशर्ते धनराशि उपलब्ध हो।

****

MM 2243